**Arya Kanya Mahavidyalaya, Shahabad (M.), Haryana** successfully organized a **One Day National Workshop (Hybrid Mode)** on **"Harnessing Ideas into Intellectual Assets"** on **12th September 2026**.

The workshop was organized by the **Research & Development Cell** in collaboration with the **Institution's Innovation Cell (IIC)** under the aegis of IQAC and sponsored by the **Haryana State Council for Science & Technology, Govt. of Haryana**.

The event witnessed an enthusiastic participation of **385 participants from across the nation**.

The insightful sessions by **Dr. Rahul Taneja** and **Dr. Shweta Sen Thalwal** provided valuable insights into **IPR, patents, copyrights, trademarks, registration and innovation**. The successful event was coordinated by **Dr. Swati Atri, Convener & Organizing Secretary**, under the guidance of **Prof. (Dr.) Aarti Trehan, Principal**. Heartfelt thanks to all the **resource persons, participants and organizing committee members** for making the workshop a grand success!

#AKMV #AryaKanyaMahavidyalaya #NationalWorkshop #IPR #IntellectualPropertyRights #Innovation #ResearchAndDevelopment #IIC #Research #Patent #Copyright #Trademark #IntellectualAssets #Entrepreneurship #Haryana #DST #HSCSIT #KurukshetraUniversity #385Participants #AcademicExcellence











ARYA KANYA


Industrial Property
Patents
Industrial Designs
Trademarks
PeopleLink


National Anthem
Meet - One Day N
12th Sep Workshop
Saraswati Vandna
(1) WhatsApp
Ask Gemini
meet.google.com/zbf-mtff-ggr?authuser=3
Sharing docs.google.com to this tab
Stop sharing
Shared tabs can be scrolled and zoomed
10:37 AM | One Day National Workshop on "Harnessing ideas in...
Research committee (You, presenting)
Stop presenting
Admit 3 guests
35
ARYA KANYA MAHAVIDYALYA
SHAHABAD MARKANDA (HARYANA)
Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra
Research & Development Cell
in collaboration with
Institute's Innovation Cell (IIC)
organizes
One Day National Workshop
on
Harnessing Ideas into Intellectual Assets
September 12, 2026
Sponsored By
Dr. Rahul Taneja
Dr. Shweta Sen Thakral
Dr. Swati Atri
Parwinder kaur
Nikhil Saini
Baljinder Saini
Ankita Kumari
Pawan Bhardwaj
27 others
Research committee
Leave call
30°C
Mostly cloudy
Search
ENG
IN
10:37 AM
9/12/2026


PeopleLink
e-Podium Ultra
www.peoplelinkvc.com


PeopleLink
e-Podium Ultra
www.peoplelinkvc.com


ARYA KANYA MAHAVIDYALYA
PeopleLink
e-Podium Ultra
www.peoplelinkvc.com


IQAC
ARYA KANYA MAHAVIDYALYA
SHAHABAD MARKANDA (HARYANA)
PeopleLink
e-Podium Ultra


ARYA KANYA MAHAVIDYALYA
SHAHABAD MARKANDA (HARYANA)
Research & Development Cell
One Day National Workshop
Harnessing Ideas into Intellectual Assets
SHAHABAD (M.)
INSTITUTION'S INNOVATION COUNCIL

Kurukshetra Kesari
Sep 14, 2026 (IST)

पंजाब केसरी

abkesari.in कुरुक्षेत्र केसरी

# शोध के बौद्धिक स्वामित्व की सुरक्षा हेतु उचित प्रक्रिया अपनाना अति आवश्यक : डा. राहुल तनेजा

## आर्य कन्या महाविद्यालय में हुआ राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

शाहाबाद मारकंडा, 13 सितम्बर (राजन सपड़ा): आर्य कन्या महाविद्यालय में हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस एंड टेकनोलॉजी (डायरेक्टोरेट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, गवर्नमैंट ऑफ इंडिया) द्वारा प्रायोजित, रिसर्च एंड डिवैल्पमैंट सेल और इंस्टीट्यूट इनोवेशन सेल के तत्वावधान में हार्नेसिंग आइडियाज इनटू इंटेलेक्चुअल एसेट्स विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की संयोजिका एवं ऑर्गेनाइजिंग सैक्रेटरी डा. स्वाति अत्री ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को बौद्धिक संपदा अधिकार के विभिन्न स्वरूपों, जैसे पेटैंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्कएवं डिजाइन के प्रति जागरूक करना तथा रचनात्मकता, अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करने में आई.पी.आर. की महत्वपूर्ण भूमिका से अवगत करवाना था।



*कार्यशाला के समापन पर मुख्यातिथि डा. राहुल तनेजा संग प्रधान कुलदीप गुप्ता, प्राचार्या प्रो. आरती त्रेहन व प्राध्यापकगण।* (राजन सपड़ा)

कार्यशाला में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डा. राहुल तनेजा, रजिस्टर्ड पेटेंट एवं ट्रेडमार्क अटॉर्नी व साईटिस्ट, डायरेक्टोरेट ऑफ साइंस एण्ड टैक्नोलॉजी, पंचकूला, हरियाणा एवं द्वितीय वक्ता डा. श्वेता सेन थलवाल, सी.ई.ओ. एवं फाउंडर, इंटीग्रम आई.पी., मोहाली, पंजाब रहे।

सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. आरती त्रेहन ने मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। प्राचार्या ने कहा कि वर्तमान ज्ञान-आधारित एवं नवाचार केंद्रित युग में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शोधकर्त्ताओं के लिए बौद्धिक संपदा के प्रति जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि डा. राहुल तनेजा ने प्रतिभागियों को बौद्धिक संपदा की अवधारणा, नवीन विचारों के संरक्षण तथा पेटेंट एवं ट्रेडमार्क के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि केवल नवीन विचार या शोध को विकसित करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसके बौद्धिक स्वामित्व की सुरक्षा के लिए उचित प्रक्रिया अपनाना भी आवश्यक है।

कार्यक्रम के दूसरे मुख्य वक्ता के रूप में डा. श्वेता ने उद्यमिता, पेटैंट और नवाचार के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रबंधक समिति के प्रधान कुलदीप गुप्ता ने राष्ट्रीय कार्यशाला के आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।

प्रधान कुलदीप गुप्ता, प्राचार्या प्रो. आरती त्रेहन व आयोजक समिति ने मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यशाला के अंत में संयोजिका डा. स्वाति अत्री ने अतिथियों व प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन अंकिता हंस बजाज ने किया।

इस राष्ट्रीय कार्यशाला में चण्डीगढ़, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, केरला, उत्तर प्रदेश, शिमला व हरियाणा से 385 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला के आयोजन में संचालिका डा. मुमताज व डा. राजिन्द्र कौर व सदस्य डा. सिमरजीत कौर, रितु मित्तल, डा. रोजी, रागिनी मिश्रा, अनुराधा, परविंदर कौर, सुरभि, रामनदीप कौर, नम्रता, दीक्षा, रागिनी व महेश ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राष्ट्रगान के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।

# आर्य कन्या कॉलेज में बौद्धिक संपदा अधिकारों पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित



**स्वर्णभूमि टाइम्स न्यूज, शाहाबाद मारकंडा (रमनदीप)** : आर्य कन्या कॉलेज, शाहाबाद मारकंडा में "विचारों को बौद्धिक संपदा में बदलना" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी निदेशालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित थी। इसका आयोजन कॉलेज के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ तथा संस्थान नवाचार प्रकोष्ठ के तत्वावधान में किया गया। डॉ. स्वाति अत्री ने कार्यशाला की संयोजक एवं आयोजन सचिव के रूप में जिम्मेदारी निभाई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को बौद्धिक संपदा अधिकारों के विभिन्न स्वरूपों, जैसे पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क और डिजाइन के प्रति जागरूक करना तथा रचनात्मकता, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने में इनके महत्व से अवगत कराना था।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी निदेशालय, पंचकूला के पंजीकृत पेटेंट एवं ट्रेडमार्क अधिवक्ता तथा वैज्ञानिक डॉ. राहुल तनेजा मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता रहे। इंटेग्रेम आईपीआर, मोहाली की सीईओ एवं संस्थापक डॉ. श्वेता सैन थलवाल ने भी मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिभागियों को संबोधित किया। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. आरती त्रेहन ने अतिथियों का स्वागत किया तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान ज्ञान आधारित एवं नवाचार केंद्रित युग में विद्यार्थियों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं के लिए बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति जागरूक होना बेहद आवश्यक है।

डॉ. राहुल तनेजा ने बौद्धिक संपदा की अवधारणा तथा नए विचारों की सुरक्षा में पेटेंट और ट्रेडमार्क के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ. श्वेता सैन ने उद्यमिता, पेटेंट और नवाचार के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नए विचारों को बौद्धिक संपदा में बदलना और उनका पेटेंट कराना आवश्यक है। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता ने कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यशाला में हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, केरल और उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से 385 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। राष्ट्रगान के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।